राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद

डॉ० राधाकृष्णन् शिक्षा संकुल, ब्लॉक–6, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,
ओटीएस पुलिया के सामने, जयपुर–302017
दूरभाष : 0141–5192265, 5192261 E-mail: modelschoolrcse@gmail.com

RCSE

क्रमांक : रास्कूशिप/जय/मॉडल स्कूल/ टीचर्स ट्रेनिंग–254/ 16203 दिनांक: 28/10/2020

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं
पदेन जिला परियोजना समन्वयक, समसा,
समस्त संबंधित जिले।

विषय :– स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय एवं महात्मा गांधी विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) में कक्षा 6–8 के शिक्षकों की दीक्षा (Diksha) पोर्टल पर ऑनलाईन निष्ठा प्रशिक्षण बाबत।

उपर्युक्त विषयांतर्गत लेख है कि 134 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय एवं महात्मा गांधी विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) में कक्षा 6–8 में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के लिए अंग्रेजी माध्यम में ऑनलाईन निष्ठा प्रशिक्षण को दीक्षा (Diksha) पोर्टल लाइव कर दिया गया है । इसे तत्काल प्रभाव से शुरू किया जाये । प्रथम 06 मॉड्यूल कोर्स को आवश्यक रूप से 15 नवम्बर–2020 तक पूर्ण किया जाना है । वर्तमान में 1–3 मॉड्यूल पोर्टल पर उपलब्ध हैं एवं शीघ्र ही 4–6 मॉड्यूल भी लाइव कर दिये जायेंगे ।

अतः 134 स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल विद्यालय एवं महात्मा गांधी विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) में कक्षा 6–8 में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों के लिए अंग्रेजी माध्यम में दीक्षा (Diksha) पोर्टल पर ऑनलाईन निष्ठा प्रशिक्षण लेना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– लिंक तथा निष्ठा कोर्स

www.rajteachers.com

28.10.20
(एम.आर. बागडिया)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सहायक, आयुक्त एवं राज्य परियोजना निदेशक, रा.स्कू.शि.प., जयपुर।
2. निजी सहायक, अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम, रा.स्कू.शि.प., जयपुर।
3. अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समसा, समस्त को देकर लेख है कि मॉडल विद्यालयों के कक्षा 6–8 में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को उक्त प्रशिक्षण से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।
4. संस्था प्रधान स्वामी विवेकानन्द राजकीय मॉडल स्कूल एवं महात्मा गांधी विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) समस्त ब्लॉक को देकर लेख है कि विद्यालय के कक्षा 6–8 में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को ऑनलाईन प्रशिक्षण में भाग लेना सुनिश्चित करे।
5. रक्षित पत्रावली।

(एम.आर. बागडिया)
अतिरिक्त राज्य परियोजना निदेशक–प्रथम